बॉटेनिक गार्डन से ग्रेनो व दादरी तक सीधी बसें

जागरण संवाददाता, नोएडा : नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) की ओर से मेट्रो की कनेक्टिविटी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत छह रूटों पर बस चलाकर ग्रेटर नोएडा के कई इलाके व सूरजपुर और दादरी रेलवे स्टेशन तक बसों का संचालन किया जा रहा है। इससे ये इलाके सीधे दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन (बॉटेनिक गार्डन मेट्रो स्टेशन) से जुड़ गए हैं।

एनएमआरसी की प्रवक्ता संध्या शर्मा ने बताया कि एनएमआरसी की ओर से 11 रूटों पर बसें चलाई जा रही हैं, जिनसे कई सेक्टर, संस्थान जुड़े हुए हैं। इन्हीं में से छह रूटों पर बसें चलाकर बॉटेनिक गार्डन मेट्रो स्टेशन से कई इलाकों को जोड़ा गया है। इसका मकसद ग्रेटर नोएडा व दादरी स्टेशन तक के लोगों को सीधे दिल्ली जाने के लिए मेट्रो स्टेशन तक की कनेक्टिविटी देना है।

बॉटेनिक गार्डन स्टेशन को जाने वाले रूट

- रूट 317 : बॉटेनिक गार्डन बस स्टॉप से सेक्टर 142 मेट्रो स्टेशन, इससे सेक्टर 137, 142 मेट्रो स्टेशन बॉटेनिक गार्डन के ब्लू व मेजेंटा लाइन, ओखला बर्ड सेंचुरी जुड़े हैं।
- रूट 103ए : बॉटेनिक गार्डन बस स्टॉप से एनएमआरसी डीपो स्टेशन : डिपो स्टेशन, जीएनआइडीए, अल्फा 1, परी चौक, नॉलेज पार्क, सेक्टर 142 मेट्रो स्टेशन से बॉटेनिकल गार्डन बस स्टॉप
- रूट 103 बी : बॉटेनिक गार्डन बस स्टॉप से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण : ग्रेनो प्राधिकरण, परी चौक, नॉलेज पार्क से बॉटेनिकल गार्डन बस स्टॉप
- रूट 103 सी : बॉटेनिक गार्डन बस स्टॉप से शारदा विश्वविद्यालय वाया परी चौक : परी चौक, नॉलेज पार्क से बॉटेनिक गार्डन वस स्टॉप
- रूट 108 : बॉटेनिक गार्डन बस स्टॉप से एनएसइजेड
- रूट 109 : बॉटेनिक गार्डन बस स्टॉप से दादरी रेलवे स्टेशन वाया सूरजपुर